

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय

(केंद्रीय विश्वविद्यालय)

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERSITY
LUCKNOW
प्रज्ञा शील करूणा
ESTABLISHED 1996



माननीय कुलपति आचार्य राज कुमार मित्तल जी का

'दीक्षारंभ संदेश'

'ज्ञान, नवाचार और उत्कृष्टता की ओर एक नई यात्रा'

प्रिय नव प्रवेशी विद्यार्थियों,

आपके विश्वविद्यालय जीवन के इस नवीन अध्याय के शुभारम्भ पर 'बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय परिवार' आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता है।

शिक्षा ही हमें गरीबी, विपन्नता, अज्ञानता तथा संकीर्णता के घोर अंधकार से निकालकर ज्ञान, विवेक, आत्मविश्वास और प्रगति के प्रकाश की ओर अग्रसर करती है। यही वह माध्यम है जो व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करते हुए उसे समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनने की प्रेरणा प्रदान करती है।

आप जीवन के एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव पर हैं, जहाँ हर अनुभव और चुनौती आपको अधिक सक्षम एवं आत्मविश्वासी बनाएगी। आप सभी विभिन्न क्षेत्रों, विविध सामाजिक एवं पारिवारिक पृष्ठभूमियों तथा अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों से अपने सुनहरे भविष्य के सपनों और असीम संभावनाओं के साथ इस विश्वविद्यालय में आए हैं। यह विविधता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, क्योंकि विचारों, संस्कृतियों और अनुभवों का यह संगम आपको व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करेगा तथा परस्पर सीखने के नए अवसर उपलब्ध कराएगा। हमारे लिए आप मात्र विद्यार्थी नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण की आशाओं और संभावनाओं की सशक्त आधारशिला हैं। आपके ज्ञान, कौशल, नवाचार, चरित्र और संवेदनशीलता में राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की अपार संभावनाएँ निहित हैं। हमें विश्वास है कि आप अपने परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण के बल पर न केवल अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे, बल्कि समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में भी महत्त्वपूर्ण योगदान देंगे। विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के ऐसे केंद्र हैं, जहाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का संकल्प साकार होता है। यह विश्वविद्यालय ज्ञान, अनुसंधान, नवाचार, संस्कृति और मानवीय मूल्यों के समन्वय के माध्यम से व्यक्तित्व, चरित्र और नेतृत्व क्षमता के विकास का सशक्त मंच है। यहाँ अर्जित शिक्षा आपको केवल एक सफल पेशेवर ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील, उत्तरदायी और दूरदर्शी नागरिक बनने की दिशा में भी अग्रसर करेगी।

हमारा उद्देश्य ऐसे नागरिक तैयार करना है जो वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नैतिक मूल्यों, सामाजिक संवेदनशीलता तथा वैश्विक सोच से युक्त हों। अनावश्यक और नकारात्मक बातों में अपनी ऊर्जा व्यर्थ करने के बजाय, आप सभी एकध्येय होकर शिक्षा, शोध और कौशल विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करें। यही आपके लक्ष्यों की सार्थक उपलब्धि का मार्ग है। हरियाली से आच्छादित यहाँ का प्राकृतिक परिवेश आपके मन को आनंद, उत्साह और नवीन ऊर्जा से भर देगा। विश्वविद्यालय प्रशासन आपके हितों की रक्षा तथा सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध और तत्पर है। इस विश्वविद्यालय के सकारात्मक वातावरण को अपनी रचनात्मकता से और अधिक समृद्ध बनाने का प्रयास करें।

आप अपनी रुचियों एवं क्षमताओं के अनुरूप उद्यमिता तथा नवाचार कौशल का विकास करें। इस दिशा में आपके मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के लिए विश्वविद्यालय में 'नवकल्पना केंद्र' की स्थापना की गई है। आप तनावमुक्त एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहें, इसके लिए विश्वविद्यालय में 'उम्मीद' नामक परामर्श एवं सहयोग केंद्र स्थापित किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर आप इसकी सेवाओं का लाभ अवश्य उठाएँ। समरस, समावेशी और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और मानवीय मूल्यों को प्रोत्साहित करना हमारा सतत् संकल्प है। ज्ञान, सृजन और सामाजिक उत्तरदायित्व की इस यात्रा को अपनी सक्रिय सहभागिता से आप गरिमा और उत्कृष्टता की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँ।

मैं आप सभी से अपेक्षा करता हूँ कि आप अनुशासन, कठोर परिश्रम, सत्यनिष्ठा, जिज्ञासा और निरंतर सीखने की भावना को अपने जीवन का आधार बनाएँगे। अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन, सहपाठियों के सहयोग तथा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध प्रत्येक अवसर का भरपूर लाभ उठाएँगे। सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि लगन, परिश्रम, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण से प्राप्त होती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप अपनी योग्यता, सृजनशीलता और उत्कृष्ट आचरण से विश्वविद्यालय की गौरवशाली परम्परा को और समृद्ध बनाएंगे तथा अपने परिवार, समाज और राष्ट्र को गौरवान्वित करेंगे।

आइये आप और हम मिलकर इस नए शैक्षणिक सत्र की नई यात्रा के सहभागी बनें। आप सभी की विश्वविद्यालय यात्रा ज्ञान, उपलब्धियों, नवाचार, संस्कार और उत्कृष्टता से परिपूर्ण हो। आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

(राज कुमार मित्तल)

/ BBAU Social Media